मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-416
26/09/2022

मुख्यमंत्री ने फुलवारीशरीफ में ऑटो पर ताड़ का पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- **मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत व्यक्तियों के परिजनों को निर्धारित मानक प्रक्रिया के अनुरूप अविलंब 05–05 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश।**

पटना, 26 सितम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने फुलवारीशरीफ में ऑटो पर ताड़ का पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत व्यक्तियों के परिजनों को निर्धारित मानक प्रक्रिया के अनुरूप अविलंब 05–05 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल चार लोगों के समुचित इलाज का भी निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******